अमेरिका तक शहडोल के मिनी ब्राजील की गूंज

प्रधानमंत्री ने शहडोल दौरे को किया याद, कहा चार-चार पीढ़ी से लोग खेल रहे फुटबाल

संतोष चौबे शहडोल

प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी ने अमेरिकन पॉडकास्टर लेक्स फ्रिडमैन के साथ विस्तार से बातचीत की, जिसमें उन्होंने मध्य प्रदेश के शहडोल जिले के दौरे की स्मृतियों को साझा करते हुए पॉडकास्ट में पीएम मोदी ने शहडोल जिले के जनजातीय बाहुल्य गांव विचारपुर की चर्चा की, जिसे मिनी ब्राजील के नाम से जाना जाता है। उन्होंने कहा कि शहडोल जिले की यात्रा में उन्हें उस जगह के बारे में पता चला, जहां के निवासियों में फुटबॉल के प्रति अटूट प्रेम है और वे अपने क्षेत्र को मिनी ब्राजील कहते हैं। अमेरिकन पॉडकास्ट में पीएम मोदी ने कहा हमारे यहां सेंट्रल पार्ट ऑफ इंडिया में मध्य प्रदेश एक स्टेट है, वहां शहडोल एक जिला है, शहडोल जिला बहुत बड़ा ट्राइबल बेल्ट है, जहां काफी ट्राइबल लोग रहते हैं वहां ट्राइबल महिलाएं स्व सहायता समूह चलती हैं।

प्रधानमंत्री ने शहडोल जिले के भ्रमण की स्मृतियों को साझा करते हुए कहा कि उनसे मैं बातचीत कर रहा था. उनसे बातचीत करना मुझे पसंद आता है, मै ऐसे ही लोगों से बातचीत करने और उनसे मिलने शहडोल गया था, वहीं पर मैंने देखा कि स्पोर्ट्स की ड्रेस पहने हुए वहां 80 से 100 के करीब नौजवान, छोटे बच्चे, सभी लोग एक ही प्रकार से बैठे थे, स्वाभाविक है मैं उनके पास गया. मैंने पूछा कि आप लोग कहां से हैं, तो सभी ने कहा कि हम मिनी ब्राजील से हैं। मैंने खिलाड़ियों से पूंछा कि मिनी ब्राजील क्या है? तो खिलाड़ियों ने जवाब दिया कि हमारे गांव विचारपुर को लोग मिनी ब्राजील कहते हैं, तो मैंने बोला कैसे मिनी ब्राजील कहते हैं? तो खिलाड़ियों ने बताया कि हमारे गांव में हर परिवार में लगभग चार-चार पीढ़ी से लोग फुटबॉल खेलते आ रहे हैं और नेशनल प्लेयर 80 के करीब हमारे गांव से निकले हैं, पूरा गांव फुटबॉल को समर्पित है और वो कहते हैं कि हमारे गांव का इंडिविजुअल मैच जब होता है, तो 20 से 25 हजार दर्शक तो आसपास के गांव से ही आ जाते हैं, तो भारत में जो फुटबॉल का क्रेज इन दिनों बढ़ रहा है, मैं उसके लिए इसे शुभ संकेत मानता हूं. यह टीम स्पिरिट भी पैदा करता है। गौरतलब है कि प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी 1 जुलाई 2023 को शहडोल जिले के प्रवास पर आए थें। प्रवास के दौरान प्रधानमंत्री ने स्व- सहायता समूह की महिला सदस्यों और शहडोल संभाग की फुटबाल क्रांति के खिलाड़ियों से मिलकर महिला स्व सहायता समूह की महिलाओं और फुटबाल खिलाड़ियों से चर्चा कर उत्साहवर्धन किया था। उल्लेखनीय है कि शहडोल संभाग में फुटबाल को प्रोत्साहित करने के लिए शहडोल संभाग के पूर्व कमिष्नर श्री राजीव शर्मा की पहल पर फुटबाल खिलाड़ियों को बेहतर से बेहतर सुविधाएं मुहैया कराने के प्रयास किये गए है जिसके अपेक्षित परिणाम मिल रहे है। शहडोल जिले के ग्राम विचारपुर गांव सहित शहडोल संभाग के लगभग सभी गांवों में फुटबाल क्लबों का गठन किया गया है तथा फुटबाल खिलाड़ियों को प्रोत्साहित किया जा रहा है। माननीय प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी द्वारा पूर्व में भी मन की बात कार्यक्रम में भी शहडोल संभाग की फुटबाल क्रांति के संबंध में चर्चा की जा चुकी है जिससे शहडोल संभाग के फुटबाल खिलाड़ियों में नया उत्साहवर्धन हुआ है।

शहर को प्लास्टिक मुक्त बनाने नपा ने कराई मुनादी

शाजापुर। नगरपालिका ने स्वच्छता सर्वे 2025 के तहत शहर को प्लास्टिक मुक्त बनाने का बीड़ा उठाया है। नगरपालिका ने नगरीय सीमा के सभी बाजारों में प्लास्टिक और सिंगल यूज डिस्पोजल के इस्तेमाल पर पूर्ण प्रतिबंध लगा दिया है। नगरपालिका के वाहन शहर में मुनादी कर लोगों को इस प्रतिबंध की जानकारी दे रहे हैं।

किसी भी दुकान में प्लास्टिक या डिस्पोजल सामग्री मिलने पर चालानी कार्रवाई की जाएगी। दुकानदारों को प्लास्टिक के विकल्प के रूप में कपड़े के थैले और पेपर बैग का उपयोग करने के निर्देश दिए गए हैं। वर्तमान में शहर के बाजारों में अमानक स्तर की प्लास्टिक और डिस्पोजल का खुलेआम उपयोग हो रहा है। पहले से लागू प्रतिबंध के बावजूद दुकानदार ग्राहकों को सामान प्लास्टिक की थैलियों में दे रहे हैं। इस स्थिति को देखते हुए नगरपालिका ने कड़ा रुख अपनाया है। अब शहर को पॉलिथीन और डिस्पोजल मुक्त बनाने के लिए विशेष अभियान चलाया जा रहा है।

सच संक्षेप

होली मिलन समारोह कल

खुरई। प्रतिवर्षानुसार इस वर्ष भी नगर के कपड़ा एवं रेडीमेड व्यापारियों का होली मिलन समारोह कल रंग पंचमी पर सागर रोड स्थित एक निजी स्थान पर सुबह 10 बजे से शाम 5 बजे तक कपड़ा एवं रेडीमेड व्यापारी संघ द्वारा आयोजित किया जाएगा। जिसमें नगर के लगभग 150 कपड़ा एवं रेडीमेड व्यापारी शामिल होंगे। कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य सभी व्यापारियों को एक साथ,एक मंच पर एकत्रित करना रहता है जिससे सभी व्यापारियों में आपसी भाईचारा,प्रेम,स्नेह बना रहे। कार्यक्रम के दिन नगर के कपड़ा एवं रेडीमेड के संपूर्ण प्रतिष्ठान पूर्णता बंद रहेंगे।

शिविर का समापन

खुरई। नगर के तक्षशिला हायर स्कूल के एनएसएस (राष्ट्रीय सेवा योजना) में चल रहे सात दिव्य एनएसएस शिविर का समापन हनौता गांव में हुआ। असोसिएशन यूनिट के सदस्य अंजु जुए के दिशानिर्देश में सप्ताह भर के अवकाश कार्यक्रम की विस्तार से जानकारी दी गई। नायिका ने राष्ट्रीय सेवा योजना के लक्ष्य गीत प्रस्तुत करने के अवसर का समापन किया। दल नायक राधिक यादव ने कैंप में आयोजित कार्यकर्ताओं की विस्तृत रिपोर्ट पेश की। इलेक्ट्रॉनिका दिव्या कुर्मी ने मुख्य अतिथि एवं अन्य स्थानीय लोगों का तिलक लगाकर स्वागत किया। मुख्य अतिथि सेवानिवृत्ति पूर्व कार्यशाला एवं मठ मंजुला मूर्ति ने स्वयंसेवकों को श्रद्धांजलि देते हुए कहा कि समाज में प्रत्येक व्यक्ति की अपनी भूमिका होती है।

विश्व खसरा दिवस पर टीकाकरण

शाजापुर। नगर में विश्व खसरा दिवस के अवसर पर विशेष टीकाकरण अभियान चलाया जा रहा है। 17 मार्च को वार्ड 2, 27 और 28 की आंगनवाड़ी केंद्रों पर विशेष टीकाकरण कैचअप सत्र आयोजित किए गए। सोमवार को दोपहर 2 बजे शहरी स्वास्थ्य पर्यवेक्षक जॉय शर्मा ने बताया कि 22 मार्च तक शहरी क्षेत्र में कुल 27 टीकाकरण सत्र होंगे। इनमें 9 विशेष कैचअप सत्र और 18 नियमित टीकाकरण सत्र शामिल हैं। इन सत्रों में छूटे हुए बच्चों को चिह्नित कर एमआर टीके लगाए जा रहे हैं। स्वास्थ्य विभाग ने अभिभावकों से आग्रह किया है कि 9-12 माह और 16-24 माह के बच्चों का मीजल्स-रूबेला टीकाकरण सुनिश्चित करें। इसके लिए वे अपने वार्ड की एएनएम, आशा या आंगनवाड़ी कार्यकर्ता से संपर्क कर सकते हैं। भारत सरकार ने 2026 तक मीजल्स-रूबेला के पूर्ण उन्मूलन का लक्ष्य रखा है। इस लक्ष्य की प्राप्ति के लिए सभी जिलों के प्रत्येक ब्लॉक में एमआर टीके की दोनों खुराकों की उपलब्धि 95 प्रतिशत से अधिक होनी आवश्यक है।

महादेव की होली में जमकर उड़ा रंग गुलाल

आष्टा। शहर में सोमवार को मथुरा काशी की तर्ज पर महादेव के होली खेली गई जिसमें भगवताआचार्य पंडित से प्रदीप मिश्रा शामिल हुए और चल समारोह शहर के पुराना भोपाल इंदौर मार्ग गायत्री मंदिर से शुरु हुआ जो कि प्रमुख मार्गो से होता हुआ कालोनी चौराहा पर पहुंचा।

बता दे कि तीन वर्षों से शहर में नवाबी होली की जगह महादेव की होली मनाई जा रही जिसमें पूरा शहर रंग में सरोबार रहता है, बीते 3 वर्षों से महादेव की होली में शहर वासीयो के साथ होली खेलने पंडित प्रदीप मिश्रा शामिल होने चौथे वर्ष भी सोमवार को पंडित प्रदीप मिश्रा शहर में होली खेलने पहुंच जिसमें सबसे पहले गायत्री मंदिर में भगवान भोलेनाथ की पूजा अर्चना करने के बाद चल समारोह शामिल हुए। बता दे कि पिछले वर्ष बुधवारा पंडित प्रदीप मिश्रा नारियल की चोट लग गई थी इस बार इसलिए शासन ने सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम किए थे पूरे गायत्री मंदिर से लेकर प्रमुख मार्गो कॉलोनी चौराहा तक पुलिस बल तैनात रहा चल समारोह में सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम किए थे।

महादेव की होली का चल समारोह में पंडित प्रदीप मिश्रा के साथ हिंदू उत्सव समिति अध्यक्ष कालू भट्ट, सभी समाज के प्रमुख सहित समाज जन, स्थानीय नागरिकों शामिल हुए। साथ ही एसडीएम स्वाती उपाध्याय मिश्रा, एसडीओपी आकाश अमलकर और नगर पालिका सीएमओ राजेश सक्सेना सहित प्रशासनिक अधिकारी मौजूद रहे।

सेवानिवृत्तों को पीपीओ का वितरण

शाजापुर। माह फरवरी में सेवानिवृत्त हुए 17 शासकीय सेवकों में से 15 को सोमवार को समारोह पूर्वक पीपीओ वितरित किये गये। इस अवसर पर कलेक्टर ऋजु बाफना ने सेवानिवृत्त हुए शासकीय सेवकों का शाल एवं श्रीफल से सम्मान किया। इस अवसर पर अपर कलेक्टर बीएस सोलंकी, वरिष्ठ कोषालय अधिकारी एवं जिला पेंशन अधिकारी जीएल गुवाटिया, सहायक पेंशन अधिकारी किशोर पाटीदार, प्रशांत यादव, देवेन्द्र शाक्य, आबकारी अधिकारी निधि जैन, जिला शिक्षा अधिकारी डॉ. विवेक दुबे भी उपस्थित थे। कलेक्टर सुश्री बाफना ने कहा कि सेवानिवृत्ति के उपरांत अपने स्वास्थ्य का ध्यान रखेंगे।

गंदगी और बदबू से रहवासी परेशान

सच संवाददाता || बैतूल

नगरपालिका नहीं नरकपालिका है ऐसा हम नहीं शहर के गौठान बोल निवासी रहते हैं।नगरपालिका नाइक नरकपालिका के टर्चिंग ग्राउंड के सांप के फूल की गंध (दुर्गंध) किसी की पहचान की मोहताज नहीं। यह दुर्गंध दूर गौठाना से लेकर चक्कर रोड, रुकरी थाना चौक और उसके आसपास प्रतिदिन अपनी पूर्ण उपस्थिति दर्ज कराता है। लोग इसकी इतनी आदतन हो गई है कि इसकी सोंधी खुशबु जब तक न आए नींद ही नहीं आएगी। शायद कुछ लोगों को यह गंध इतनी भा जाती है कि वे इसे हटा दें, इसके बजाय यथावत बनाए रखें, मन ही मन मौन सहमति तय की जाती है। सही मायने में यहां रहना मुश्किल है लोगों का. किसी भी दिन-रात में नामांकित इस क्षेत्र की सारी बातें तय न करें। तो कहें। हालांकि रानीपुर रोड गौठाना अन्य कई कारणों से भी प्रसिद्ध है। कमानी गेट के आस-पास और सामने रानीपुर रोड पर अवैध कब्जे वाले स्थान पर कई गुमठी नुमा दुकान चखना सेंटर में अवशेष हो गए हैं।

लजीज नॉनवेज की कई होटल पर यह सड़क उपलब्ध है। जहां पूरी खातिरदारी के संग-कबाब संग शराब की बिक्री होती रहती है। यहां रात की रंगिनियां तो दिखती ही अनोखी हैं। बीच सड़क पर नशेड़ी गाड़ी भी खड़ी कर देता है शब्द कम यहां मज़ारों के। शाम को यहाँ महफ़िले सज़ाती है। किराने की दुकान के सामने खाली पड़े ग्राउंड, बालक बाबा के सामने वाले जंगल, और नए बन रहे पेट्रोल पंप के पास वाले ग्राउंड में सुरा लवर्स के घर की चरम सीमा प्रतिदिन पार होती है। खुले आसमान के नीचे हर रोज़ लगता है और कुछ लोगों को अब तक एहसास है कि मेरा बैतूल बड़ा सीधा साझीदार है।

एकता ग्रुप ने कराया रोजा इफ्तार

शाजापुर। एकता ग्रुप द्वारा स्थानीय छोटा चौक स्थित मस्जिद में मझले रोजे को रोजा इफ्तार का आयोजन किया गया। इस दौरान अनेक समाजजन इफ्तार के लिए मस्जिद पहुंचे और देश में अमन चेन और खुशहाली की दुआओं के साथ इफ्तार किया।

एकता ग्रुप अध्यक्ष सैय्यद वकार अली ने बताया कि रमजान का पवित्र महीना चल रहा है, जिसमें मुस्लिम समुदाय के लोगों द्वारा भूखे, प्यासे रहकर रोजा रख रहे हैं और अल्लाह की इबादत कर रहे हैं। उन्होंने बताया कि रमजान के पवित्र महीने में एक नेकी के बदले अल्लाह सत्तर नेकियों का सवाब देता है। रमजान के पवित्र महीने के चलते प्रतिवर्ष के अनुसार इस वर्ष भी एकता ग्रुप द्वारा स्थानीय छोटा चौक की मस्जिद में रोजा इफ्तार का आयोजन किया गया। बड़ी संख्या में समाज के लोगों ने मस्जिद में पहुंचकर रोजा इफ्तार करते हुए देश में खुशहाली के लिए विशेष दुआ की। इस दौरान एकता ग्रुप अध्यक्ष सैय्यद वकार अली, सचिव शेख शाकिर बुशरा, दाऊद सेठ, हाजी मसीत सेठ, अनीस खान, पत्रकार इमरान राजा, इरफान पटेल, दानिश सहित ग्रुप के सदस्य व समाजजन उपस्थित रहे।

आजाद चौक में चली हंसी की पिचकारी

शाजापुर। नगर में मनाए जा रहे होली पर्व का नगरवासी भरपूर आनंद ले रहे हैं, जिन्हें रंगों के साथ-साथ सांस्कृतिक और मनोरंजक कार्यक्रमों को देखने का भी अवसर मिल रहा है। आयोजन के तीसरे दिन भी नगरवासियों ने होली पर्व के तहत इंदौर के राकेश सर्राफ उर्फ जूनियर डॉ. गुलाटी ने हंसी की पिचकारी चलाकर खूब हंसाया। कार्यक्रम में अतिथि के रूप में एसपी यशपालसिंह राजपूत, एएसपी टीएस बघेल, आरआई वंदना सिंह, एसडीओपी गोपालसिंह चौहान उपस्थित थे। जिनके द्वारा प्रथम पूज्य श्री गणेश की आरती कर कार्यक्रम की शुरूआत की। इसके बाद मंच पर आए इंदौर के राकेश सर्राफ ने जूनियर गुलाटी की भूमिका का

निर्वहन करते हुए उन्हीं की तरह एक से बढ़कर एक प्रस्तुति देकर लोगों को पेट पकड़ने पर मजबूर कर दिया, जिसका आनंद लेने के लिए लोग देर रात तक आजाद चौक में जमे रहे। इस अवसर पर समिति के संयोजक बालकृष्ण यादव, सचिव धर्मेन्द्र शर्मा, सहसचिव विनोद जैन, कोषाध्यक्ष महेश गवली, श्री कृष्ण व्यायामशाला ट्रस्टी तुलसीराम भावसार, रामचंद्र मुन्ना भावसार, पूर्व नपाध्यक्ष प्रदीप चंद्रवंशी, किरणसिंह ठाकुर, सर्व हिन्दू उत्सव समिति अध्यक्ष पं. आशीष नागर, समिति के मनीष सोनी सहित बड़ी संख्या में गणमान्य नागरिक उपस्थित थे।

आंगनवाड़ी कार्यकताओं का प्रशिक्षण

शिवपुरी-केन्द्र सरकार के पोषण भी-पढाई भी कार्यक्रम के तहत प्रदेश की समस्त आंगनवाड़ी कार्यकताओं को प्रशिक्षित किया जाएगा। दो चरणों में यह प्रशिक्षण कार्यक्रम 20 से 22 मार्च 2025 और 24 से 26 मार्च को होगा।

प्रदूषण को लेकर सौंपा ज्ञापन

मंडीदीप । शहर मैं दिन प्रतिदिन कंपनियों से निकलने वाला विषैला धुआ शहर को प्रदूषित कर रहा है पॉल्यूशन को लेकर नगर वासियों द्वारा लगातार शिकायत की जा रही थी हम आपको बता दें एक तरफ जहां सरकार पर्यावरण को संतुलित और सुरक्षित रखने में जी-तोड़ प्रयास कर रही है, वहीं दूसरी तरफ आबादी के आसपास प्रदूषण फैलाने वाली फैक्ट्रियां धडल्ले से चल रही है जो न केवल नगर में हवा की गुणवत्ता को लगातार बिगाड़ रही है और तो और लोगों के स्वास्थ्य पर भी भारी पड़ रही है, फैक्ट्रियों की चिमनियों से निकलने वाला धुआं हवा को इतना जहरीला बना रहा है की लोगों को अब सांस लेने मे और आंखों में जलन जैसी परेशानी का सामना करना पड़ रहा हे सोमवार को ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष के नेतृत्व में पॉल्यूशन विभाग के अधिकारी अभय सराफ को ज्ञापन सौंपा गया जिसमें कई बड़ी कंपनियों पर कार्रवाई की मांग की गई साथ ही जो कंपनियों का गंदा पानी नदी में शामिल हो रहा है उसके

बारे में भी अवगत कराया, एवं इंडस्ट्रीज एरिया में जगह-जगह कंपनियों से निकलने वाली राखड के ढेर की तरह इंडस्ट्रीज की गलियों में देखी जा रही है जो इंडस्ट्रीज की सौंदर्य को बिगाड़ रही है और प्रदूषण को बढ़ावा दे रही है वही ब्लॉक अध्यक्ष दीपेश मीणा द्वारा बताया गया कि अगर 7 दिन में कंपनियों द्वारा पॉल्यूशन को बंद नहीं किया गया या अधिकारियों द्वारा कंपनियों पर कार्रवाई नहीं की तो ब्लॉक कांग्रेस कमेटी के नेतृत्व में पॉल्यूशन विभाग के अधिकारी का पुतला दहन एवं उच्च अधिकारियों को शिकायत की जाएगी।

विद्यार्थियों का पुलिस भर्ती में सिलेक्शन

बैतूल। मध्य प्रदेश पुलिस भर्ती परीक्षा में इस बार भी रघुकुल डिफेंस अकादमी (आरडीए) के होनहारों ने परचम लहराया है। फौजी अशोक रघुवंशी, कोच रवि पहलवान और नंदकिशोर रघुवंशी के समर्थकों में इस बार 22 सिपाहियों ने प्रदेश पुलिस भर्ती में सिलेक्शन फाइनल हासिल कर अपना सपना साकार किया है। यह सफलता इन विद्यार्थियों की मेहनत के साथ आरडीए के निर्देशात्मक प्रशिक्षण और श्रेष्ठ रणनीति का प्रमाण भी है। आरडीए की अभिनेत्री ने भी इस बार अपने दमखम का परिचय दिया है। अवंतिका, निक्की, स्वेता, ममता, भागेश्वरी, दीप्ति, सीमा, प्रिया, रवीना, अंजलि, ललिता, पिंकी, निकिता और शीतला ने कठिन परिश्रम और शारीरिक अनुशासन के बल पर यह हासिल किया है। उनके इस बेहतरीन प्रदर्शन ने यह साबित कर दिया कि आरडीए की महिला कलाकारों को भी सफलता की प्राप्ति हुई है। एआरडीए के छात्रों से बात करें तो इस बार भी कलाकारों ने अपने प्रदर्शन से हर किसी को गर्व महसूस किया है। संजय कड़वे, विक्रम परमार, अभिषेक रघुवंशी, राजा दशमलव, सूरज अडलक, अरुण रघुवंशी, मोहित वागद्रे और योगेश जैसे योद्धाओं ने यह साबित कर दिया है कि मेहनत और अनुशासन के बल पर कोई भी सपना मूर्त रूप में जा सकता है।

भारतीय जैन मिलन का अधिवेशन 29 से

ग्वालियर । मानव सेवा और धार्मिक प्रभावन में आग्रणी जैन धर्म की सबसे बड़ी संस्था भारतीय जैन मिलन क्षेत्र क्रमांक -02 के आतिथ्य में 38 वाँ वार्षिक क्षेत्रीय अधिवेशन समाहरोह 29 से 30 मार्च तक जैन सिद्धक्षेत्र सोनागिर स्थित विशाल धर्मशाला में आयोजित किया जायेगा। अधिवेशन समारोह में कई सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित किये जाएंगे। अधिवेशन की तैयारियों के लिए बैठक भी आयोजित की गई। जैन समाज के प्रवक्ता सचिन जैन के बताया कि अधिवेशन का शुभारंभ 29 मार्च को दोपहर 02 बजे से 107 शाखाओं के अध्यक्ष मंत्री के साथ सदस्यों का स्वागत किया जायेग। कार्यक्रम शुभारंभ दीप प्रज्वलन, और सांस्कृतिक नृत्यों और नाटिका मंचना की प्रस्तुतियां, लक्की ड्रॉ, भजन सांध्य, के साथ क्षेत्रीय क्रमांक 02 के पदाधिकारियो का अवार्ड सेरेमनी से सम्मान होगा। वही 30 मार्च को प्रथम सत्र में अधिवेशन का प्रात: 8 बजे समारोह का शुभारंभ जैन ध्वजारोहण, दीप प्रज्वलन, बैंड प्रस्तुति, मंच उद्घाटन, चित्र आवरण, दीप प्रज्वलन, महावीर प्रार्थना, अतिथि स्वागत, सांस्कृतिक कार्यक्रम के साथ दूसरे सत्र में क्षेत्रीय सचिवीय प्रतिवेदन, अतिथि उद्बोधन, क्षेत्र अवार्ड सेरेमनी कार्यक्रम आयोजित होंगे।

सेवा भारती ने आदिवासी बस्ती में लगाया स्वास्थ्य शिविर

शिवपुरी। शिवपुरी की करौंदी आदिवासी बस्ती वार्ड क्रमांक 1 में सेवा भारती द्वारा सोमवार को एक स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया इस स्वास्थ्य शिविर में शिवपुरी के डॉ एसके वर्मा ने विभिन्न मरीजों का स्वास्थ्य परीक्षण कर उनका इलाज किया इस दौरान शिविर में सेवा भारती के विभाग सेवा प्रमुख अतुल शर्मा, विभाग समन्वय सेवा भारती अर्जुन सिंह दांगी, अध्यक्ष नगर सेवा भारती शैलेश विरमानी, गुड्डू भैया सहित सेवा भारती के अन्य सदस्य गण मौजूद रहे। इस मौके पर उपस्थित डॉ एसके वर्मा द्वारा उपस्थित मरीजों का स्वास्थ्य परीक्षण किया गया। इस दौरान मरीजों को निःशुल्क दवाइयां भी दी गई। शिविर के दौरान डॉ एस.के.वर्मा ने सभी लोगों को सलाह दी कि अपने घरों के आसपास स्वच्छता का ध्यान रखें, मौसम बार-बार परिवर्तित हो रहा है इसलिए इस समय खास सावधानी रखने की आवश्यकता है। उन्होंने आदिवासी बस्ती के लोगों से अपील की ज्यादा बीमार होने पर जिला अस्पताल अथवा मेडिकल कॉलेज में वरिष्ठ चिकित्सक को दिखाएं।

OFFICE OF THE MUNICIPAL CORPORATION BHOPAL

NO. 01-10/GS/BMC/2024-25 — Garden Department — Bhopal, Dated:- 17.03.2025

NOTICE INVITING TENDER

Online **Percentage rate/Item rate Tender** are inviting from the appropriate class of contractors registered in office of the Govt. of Madhya Pradesh (Centralized Registration Cell) for the following works so as to be submitted bid online. The tender documents can be obtained online on the website **http://mptenders.gov.in** as per the Key Dates.

The Notice published on the above website can also be seen on website **www.bhopalmunicipal.com**

S. No.	Details of Work	Qty.	Estimated Cost	Earnest Money (EMD)	Cost of Tender Document	Completion Period
1	Repair Maintenance& Panting and Development Work At B Sector Park Ward 69 Zone 09 **MPUADD Building SOR 2021 & NON SOR ITEM 2025_UAD_408538_1**	As per schedule	Rs. 971,349/-	Rs. 9713/-	Rs. 2000/-	02 Months.
2	Development Work of park near oht shehensha garden ward 70 zone 11 **MPUADD Building & road SOR 2021 & NON SOR ITEM 2025_UAD_408555_1**	As per schedule	Rs. 448,408/-	Rs. 4484/-	Rs. 2000/-	02 Months.
3	REPIAIRING & MAINTAINENCE OF PARK NEAR KAMLA MEMORIAL SCHOOL,KASTURBA NAGAR, WARD 58, ZONE 12 **MPUADD Building SOR 2021 & NON SOR ITEM 2025_UAD_408574_1**	As per schedule	Rs. 851,860/-	Rs. 8518/-	Rs. 2000/-	02 Months.
4	CONSTRUCTION AND REPAIR OF RAJDEEP PARK NEHRU NAGAR, WARD-29, Z-08 **MPUADD Building SOR 2021 & NON SOR ITEM 2025_UAD_408546_1**	As per schedule	Rs. 211,438/-	Rs. 2114/-	Rs. 2000/-	02 Months.
5	Repair & maintanance work of basant kunj park ward-48 zone- 06 **MPUADD Building SOR 2021 2025_UAD_408596_1**	As per schedule	Rs. 484,776/-	Rs. 4848/-	Rs. 2000/-	02 Months.
6	**CONSTRUCTION OF PARK BOUNDRY WALL ,PATHWEY AND OTHER DEVLOPMENT WORK AT JYOTI NAGAR INFRUNT OF H.N. 42 NEAR DANISH W-53 Z-13MPUADD Building SOR 2021 2025_UAD_409899_1**	**As per schedule**	**Rs. 11,34,518/-**	**Rs. 11345/-**	**Rs. 2000/-**	**02 Months.**
7	**Installation of Motor Pump at Bhadbhada Under Ward 26 Zone 21 MPUADD Water SOR 2021 & NON SOR ITEM 2025_UAD_409914_1**	As per schedule	Rs.6,88,379/-	Rs. 6884/-	Rs. 2000/-	02 Months.
8	DEVELOPMENT OF PARK IN MAYA ENCLAVE 6 WARD 79 ZONE 17 **MPUADD Building SOR And Non sor 2021 2025_UAD_409931_1**	As per schedule	Rs. 10,32,026/-	Rs. 7740/-	Rs. 2000/-	02 Months.
9	DEVELOPMENT OF PARK IN SHARDA NAGAR PHASE 2 WARD 79 ZONE 17 **MPUADD Building SOR And Non sor 2021 2025_UAD_409976_1**	As per schedule	Rs. 10,83,029/-	Rs. 8123/-	Rs. 2000/-	02 Months.
10	Development and Beautification of Park, at Gupta Colony Ashoka Garden, w71 z11 **MPUADD Building,Road, Electric SOR And Non sor 2021 2025_UAD_409993_1**	As per schedule	Rs. 10,35,143/-	Rs. 7764/-	Rs. 2000/-	02 Months.

Estimated cost does not include GST. GST as applicable on the date of payment will be paid separately.

General Terms and Conditions:

1. Tender documents can be purchased only online from http://mptenders.gov.in by making online payment. The last date of purchase of tender document is as mention in key dates.
2. The bid data should be filled and the bid seals (hashes) of all the envelops and the documents which are to be uploaded by the bidders should be submitted online up to as per time schedule (Key dates).
3. The bidders shall have to submit their bids online (decrypt and encrypt the bids) and upload the relevant documents from as per time schedule (key dates).
4. Earnest money deposit on line in favor of the Commissioner Municipal Corporation Bhopal via payment gateway of E-Tendering portal.
5. The rates quoted by Bidder shall be excluding GST.

Executive Engineer
Garden Section
Municipal Corporation, Bhopal

नि.क्र. 1513/024/025